**प्रेस नोट**

**जनपद – गोण्डा**

**दिनांक – 20.03.2026**

## “मिशन शक्ति” विशेष अभियान फेज-05 के द्वितीय चरण के अंतर्गत चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा महिला पुलिस कर्मियों की बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना, महिला सुरक्षा के दृष्टिगत दिए गए व्यापक दिशा-निर्देश-

शासन द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने हेतु संचालित “मिशन शक्ति” विशेष अभियान फेज-05 के द्वितीय चरण के अन्तर्गत चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आज दिनांक 20.03.2026 को जनपद गोण्डा में व्यापक स्तर पर जनजागरूकता एवं सुरक्षा संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा शहर क्षेत्र के अम्बेडकर चौराहा से कोतवाली नगर तक “महिला पुलिस कर्मियों की बाइक रैली” को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया । इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर सहित अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। यह बाइक रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरी, जिसमें महिला पुलिस कर्मियों द्वारा आमजन, विशेषकर महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, उनके अधिकारों, आत्मरक्षा के उपायों एवं शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। रैली के दौरान महिला हेल्पलाइन नंबरों (1090, 112, 181 आदि) की जानकारी देते हुए पम्पलेट वितरित किए गए तथा महिलाओं को आपातकालीन परिस्थितियों में इन सेवाओं का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही “मिशन शक्ति” अभियान के उद्देश्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए महिलाओं में आत्मविश्वास एवं सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा चैत्र नवरात्रि के अवसर पर जनपद के समस्त मंदिरों, धार्मिक स्थलों, मेलों एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर महिला पुलिस बल की विशेष तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। इसके अतिरिक्त पूजा पंडालों एवं रामनवमी के अवसर पर “महिला चौपाल” का आयोजन कर महिलाओं से संबंधित सरकारी योजनाओं, अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों के संबंध में जागरूकता बढ़ाने तथा हेल्पलाइन से संबंधित पम्पलेट वितरित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

महिलाओं में विश्वास की भावना सुदृढ़ करने एवं उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु संवेदनशील स्थानों पर महिला बीट पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि महिलाएं निर्भीक होकर अपनी समस्याएं साझा कर सकें और उन्हें समयबद्ध समाधान प्राप्त हो सके।

पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि चैत्र नवरात्रि के दौरान मंदिरों, सार्वजनिक स्थलों एवं अत्यधिक भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में एण्टी रोमियो स्क्वाड द्वारा सघन अभियान चलाया जाए तथा शोहदों/असामाजिक तत्वों के विरुद्ध मौके पर ही कठोर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। महिलाओं के अधिक आवागमन वाले महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों एवं चिन्हित संवेदनशील हॉटस्पॉट्स पर व्यापक फुट पेट्रोलिंग कराई जाए तथा पीआरवी के माध्यम से निरंतर गश्त सुनिश्चित की जाए।

इसके साथ ही महिला संबंधी अपराधों में पूर्व में जेल से रिहा अभियुक्तों का सत्यापन कर आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही करने, महिला अपराधों से संबंधित संवेदनशील स्थानों/हॉटस्पॉट्स पर सीसीटीवी कैमरों का अधिष्ठापन करने, पूर्व से स्थापित कैमरों की नियमित चेकिंग कर उन्हें क्रियाशील बनाए रखने तथा निष्क्रिय कैमरों को तत्काल ठीक कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

महिला अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए ऐसे मामलों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने तथा अभियोजन की प्रक्रिया में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं, जिससे अपराधियों में कानून का भय स्थापित हो और महिलाओं को न्याय शीघ्र प्राप्त हो सके।

**कार्यक्रम के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। संबंधित अधिकारियों को पूर्व में ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे, जिनके अनुपालन में संपूर्ण कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**जनपद – गोण्डा**
**दिनांक – 20.03.2026**

## “मिशन शक्ति” विशेष अभियान फेज-05 के द्वितीय चरण के अंतर्गत चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र द्वारा महिला पुलिस कर्मियों की बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना, महिला सुरक्षा के दृष्टिगत दिए गए व्यापक दिशा-निर्देश-

शासन द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने हेतु संचालित “मिशन शक्ति” विशेष अभियान फेज-05 के द्वितीय चरण के अंतर्गत चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आज दिनांक 20.03.2026 को जनपद गोण्डा में व्यापक स्तर पर जनजागरूकता एवं सुरक्षा संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र श्री अमित पाठक द्वारा, पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल की उपस्थिति में, अम्बेडकर चौराहा से कोतवाली नगर तक “महिला पुलिस कर्मियों की बाइक रैली” को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह बाइक रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरी, जिसमें महिला पुलिस कर्मियों द्वारा आमजन, विशेषकर महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, उनके अधिकारों, आत्मरक्षा के उपायों एवं शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया । रैली के दौरान महिला हेल्पलाइन नंबरों (1090, 112, 181 आदि) की जानकारी देते हुए महिलाओं को आपातकालीन परिस्थितियों में इन सेवाओं का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया । साथ ही “मिशन शक्ति 5.0” अभियान के द्वितीय चरण के उद्देश्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए महिलाओं में आत्मविश्वास एवं सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया। **पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र श्री अमित पाठक** द्वारा इस अवसर पर महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्देशित किया गया कि जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत सतत् सतर्कता बरती जाए तथा मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत चलाए जा रहे कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए । उन्होंने निर्देशित किया कि महिला संबंधी शिकायतों का त्वरित एवं संवेदनशील निस्तारण सुनिश्चित करते हुए महिलाओं में पुलिस के प्रति विश्वास की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। **पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल** द्वारा चैत्र नवरात्रि के अवसर पर जनपद के समस्त मंदिरों, धार्मिक स्थलों, मेलों एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर महिला पुलिस बल की विशेष तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गये जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। इसके अतिरिक्त पूजा पण्डालों एवं रामनवमी के अवसर पर “महिला चौपाल” का आयोजन कर महिलाओं से संबंधित सरकारी योजनाओं, अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों के संबंध में जागरुकता बढ़ाने तथा हेल्पलाइन से संबंधित पम्पलेट वितरित करने हेतु निर्देशित किया गया है। महिलाओं में विश्वास की भावना सुदृढ़ करने एवं उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु संवेदनशील स्थानों पर महिला बीट पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि महिलाएं निर्भीक होकर अपनी समस्याएं साझा कर सकें और उन्हें समयबद्ध समाधान प्राप्त हो सके। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि चैत्र नवरात्रि के दौरान मंदिरों, सार्वजनिक स्थलों एवं अत्यधिक भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में एण्टी रोमियो स्क्वाड द्वारा सघन अभियान चलाया जाए तथा शोहदों/असामाजिक तत्वों के विरुद्ध मौके पर ही कठोर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। महिलाओं के अधिक आवागमन वाले महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों एवं चिन्हित संवेदनशील हॉटस्पॉट्स पर व्यापक फुट पेट्रोलिंग कराई जाए तथा पीआरवी के माध्यम से निरंतर गश्त सुनिश्चित की जाए।

इसके साथ ही महिला संबंधी अपराधों में पूर्व में जेल से रिहा अभियुक्तों का सत्यापन कर आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही करने, महिला अपराधों से संबंधित संवेदनशील स्थानों/हॉटस्पॉट्स पर सीसीटीवी कैमरों का अधिष्ठापन करने, पूर्व से स्थापित कैमरों की नियमित चेकिंग कर उन्हें क्रियाशील बनाए रखने तथा निष्क्रिय कैमरों को तत्काल ठीक कराए जाने हेतु भी निर्देशित किया गया तथा महिला अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए ऐसे मामलों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने तथा अभियोजन की प्रक्रिया में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं, जिससे अपराधियों में कानून का भय स्थापित हो और महिलाओं को न्याय शीघ्र प्राप्त हो सके।

कार्यक्रम के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। संबंधित अधिकारियों को पूर्व में ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे, जिनके अनुपालन में संपूर्ण कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

**इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत, क्षेत्राधिकारी लाईन सुश्री शिल्पा वर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर श्री विनय कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर समेत अन्य अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 20.03.2026**

**थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा 01 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उसके कब्जे से 01 अदद चोरी की मोटरसाइकिल (बुलेट) बरामद-**

**कार्यवाही-**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगंज श्री उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान 01 बाल अपचारी को को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उसके कब्जे से 02 अदद चोरी 01 अदद मोटरसाइकिल(बुलेट) बरामद की गई है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

वादी अजय यादव पुत्र राम औतार निवासी ग्राम लक्ष्मनपुर, चन्दापुर थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा द्वारा थाना वजीरगंज पर सूचना दी कि वह वजीरगंज बाजार स्थित एक क्लीनिक पर काम करता है। दिनांक 18.03.2026 को प्रतिदिन की तरह मोटरसाइकिल क्लीनिक के पास शिवलाल सोनी के दुकान के पास खड़ी की थी। शाम करीब 06.30 बजे क्लीनिक से घर जाने के लिए गाड़ी के पास गया तो वहाँ गाड़ी नहीं थी। काफी खोजबीन की लेकिन गाड़ी का कुछ पता नहीं चला। प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर थाना वजीरगंज पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया । आज दिनांक 20.03.2026 को थाना वजीरगंज पुलिस टीम द्वारा बालेश्वरगंज मे दुर्जनपुर घाट की तरफ जाने वाले मार्ग पर ग्राम जमुनहा मझरेती के पास वाहन चेकिंग के दौरान प्रकाश में आये आरोपी बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उसके कब्जे से एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल UP 43 BJ 8407 बुलेट बरामद की गई। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर पुलिस अभिरक्षा में लिये गये बाल अपचारी के विरुद्ध थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर किशोर न्याय बोर्ड गोण्डा हेतु रवाना किया गया।

**पूछताछ का विवरण-**

पुलिस द्वारा अभियुक्त से पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि वह दिनांक 18.03.2026 को अपने घर से सवारी से कस्बा वजीरगंज आया था और एक बुलेट मोटर साइकिल जिसमे चाभी लगी थी अस्पताल के बगल मे दुकान के सामने खडी थी इधर उधर देखकर मौका पाकर उसने मोटर साइकिल को चुराकर अपने घर के बगल अरहर के खेत में छिपा कर रख दिया था आज सुबह मोटर साइकिल को बेचने के लिये नेपाल लेकर जा रहा था।

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0सं0 152/26 धारा 317(2)/317(4) बी0एन0एस0 थाना कोतवाली कर्नलगंज जनपद गोण्डा।

**बरामदगी-**

01. हीरो सुपर स्प्लेण्डर लाल रंग (UP43 BP 3377)
02. बजाज प्लेटिना नीला रंग (UP 43 J 9216)

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**

01. उ0नि0 प्रवीण सिंह मय हमराह
02. हे0का0 राजकरन यादव
03. हे0का0 विनोद कुमार सोनी
04. का0 शिवम पाल

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 20.03.2026**
**जनपद – गोण्डा**

## चैत्र नवरात्रि व ईद के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा शहर क्षेत्र में पुलिस बल के साथ किया गया पैदल गश्त, सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा

चैत्र नवरात्रि व ईद के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा शहर क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों, बाजारों, मस्जिदों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस बल के साथ पैदल गश्त (फुट पेट्रोलिंग) की गई। पैदल गश्त के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया तथा लोगों से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति अथवा गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने, महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त प्रमुख मंदिरों एवं पूजा स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, बैरिकेडिंग एवं पार्किंग व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए कि नवरात्रि व ईद के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अराजकता अथवा अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक/आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित करने वालों पर भी कड़ी निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया।

**इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री मनोज कुमार रावत, क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय, क्षेत्राधिकारी लाइन सुश्री शिल्पा वर्मा, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**